CS (Main) Exam. 2020 वियोज्य DETACHABLE

# लोक प्रशासन (प्रश्न-पत्र I)

# PUBLIC ADMINISTRATION (Paper I)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पांच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH.**

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A'  SECTION 'A'

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिये :

Answer the following in about 150 words each :

1. (a) "लोक प्रशासन का सामर्थ्य लोक नीति निर्माण तथा क्रियान्वयन की जटिलताओं और बारीकियों की अन्वेषणा में है ।" विवेचना कीजिये ।

"The strength of Public Administration is in its exploration of the complexities and nuances of public policy making and implementation." Discuss. 10

1. (b) "टेलर के वैज्ञानिक प्रबन्ध में विश्लेषण के सिद्धान्त और कार्यवाही के सिद्धान्त में अन्तर नहीं किया गया ।" टिप्पणी कीजिये ।

"Principles of analysis and principles of action were not differentiated in Taylor's scientific management." Comment. 10

1. (c) "विधि के शासन के अनुप्रयोग में स्वेच्छाचारिता कमजोर शासन का प्राथमिक कारण है ।" विवेचना कीजिये ।

"Arbitrariness in the application of rule of law is a primary cause of poor governance." Discuss. 10

1. (d) "जवाबदेयता और उत्तरदायित्व के सन्दर्भ में संगठन के विभाग, मण्डल तथा आयोग संगठन के भिन्न प्रारूप हैं ।" विश्लेषण कीजिये ।

"Departments, Boards and Commissions as forms of organization are dissimilar in the context of accountability and responsibility." Analyse. 10

1. (e) प्रशासनिक मानव, मनोवैज्ञानिक मानव तथा तार्किक मानव का सेतुबन्धन है । व्याख्या कीजिये ।

Administrative man bridges the psychological man and the rational man. Explain. 10

2. (a) "शासन की ओर गतिशीलता, प्रबन्ध एवम् लोक प्रशासन के लिये एक सांगठनिक अवधारणा है क्योंकि प्रशासन का केन्द्रबिन्दु नौकरशाही राज्य से 'खोखला राज्य' और 'तृतीय पक्ष सरकार' की ओर स्थानान्तरित हो रहा है ।" आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये ।

"The movement towards governance as an organizing concept for public administration and management is because the focus of administration has been shifting from the bureaucratic state to the 'hollow state' and 'third-party government'." Critically examine. 20

2. (b) "भविष्य के संगठन सावयवी-अनुकूली संरचनाऐं होंगी परन्तु वे अस्थायी व्यवस्थाऐं होंगी ।" वॉरेन बेनिस ने संगठन के नये प्रारूप का चरित्र-चित्रण किस प्रकार से किया है, विवेचना कीजिये ।

"Organizations of the future will be organic-adaptive structures but temporary systems." Discuss how Warren Bennis characterises the new form of organization. 15

2. (c) "उत्पादकता कार्यदशाओं का परिणाम नहीं बल्कि कार्य निष्पादन के प्रति कामगारों की भावनात्मक प्रतिक्रिया का परिणाम है ।" क्या एल्टन मेयो के निष्कर्ष समसामयिक संगठनों में प्रासंगिक है ?

"Productivity is not the result of working conditions but the result of emotional response of workers to work performed." Are Elton Mayo's findings relevant in contemporary organizations ? 15

3. (a) " 'निष्पादन सूचना उपयोग' सांगठनिक व्यवहार का एक प्रारूप है जो व्यक्ति, कार्य, सांगठनिक एवं पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होता है ।" आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिये ।

" 'Performance information use' is a form of organizational behaviour that is influenced by individual, job, organizational and environmental factors." Critically analyse. 20

3. (b) नव लोक सेवा, लोक प्रशासन सिद्धान्त एवम् व्यवहार के आधार हेतु लोकतंत्र एवं नागरिकता पर ज़ोर देती है । स्पष्ट कीजिये ।

New Public Service emphasizes democracy and citizenship as the basis for public administration theory and practice. Elucidate. 15



https://www.evidyarthi.in/

3. (c) "नव लोक प्रबन्ध के अन्तर्गत जवाबदेयता आमूल परिवर्तन से गुजरी है, यद्यपि सकेन्द्रण निरन्तर प्रबन्ध पर रहा है ।" टिप्पणी कीजिये ।

"Accountability under New Public Management has undergone a radical change, although the focus has continued to remain on management." Comment. 15

4. (a) "प्रशासनिक कानून के क्षेत्र में हुए विकास, राज्य और समाज के बीच तथा न्याय और प्रशासन के बीच बढ़ती धुंधली सीमाओं को प्रदर्शित करते हैं ।" क्या प्रशासनिक कानून संविधान की तुलना में अधिक संवैधानिक बन चुका है ? तर्क कीजिये ।

"Developments in the field of Administrative Law reflect an increasingly blurred boundary between the state and society, and between justice and administration." Has administrative law become more constitutional than the Constitution itself ? Argue. 20

4. (b) "अभिप्रेरण के विषयवस्तु तथा प्रक्रिया सिद्धान्त का केन्द्र बिन्दु एक ही है किन्तु दृष्टिकोणों में भिन्नता है ।" क्या आप सहमत हैं ? कारण दीजिये ।

"The content and process theories of motivation have the same focus but are different in approaches." Do you agree ? Give reasons. 15

4. (c) नागरिक केन्द्रिकता एवं अधिकार आधारित दृष्टिकोण पर जोर, नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से है । उपर्युक्त के प्रकाश में, क्या प्रशासनिक जवाबदेयता उन्नत हुई है ? अपने तर्क को उचित सिद्ध कीजिये ।

Thrust on the citizen centricity and Right based approaches, aim to empower the citizens. In the light of the above, has the administrative accountability improved ? Justify your argument. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिये :

Answer the following in about 150 words each :

5. (a) "तुलनात्मक लोक प्रशासन न तो अपने किसी प्रतिमान से शुरू हुआ और न कोई विकसित किया ।" टिप्पणी कीजिये ।

"Comparative Public Administration started with no paradigm of its own and developed none." Comment. 10

5. (b) "बाजार, पदसोपानीय संरचनाऐं और नेटवर्क्स, सरकार में आधुनिक शासन संचालन का प्रतिनिधित्व करते हैं ।" व्याख्या कीजिये ।

"Markets, hierarchies and networks represent modern governing structures in government." Explain. 10

5. (c) क्या नीति विश्लेषण राजनैतिक और सामाजिक व्यवस्था में यथास्थिति के औचित्यपूर्णता का प्रमुख स्रोत बन चुका है ? विवेचना कीजिये ।

Has policy analysis become a major source of legitimation of status quo in political and social order ? Discuss. 10

5. (d) "राजकोषीय नीति को असमता, जटिलता और सुधार विरोध को सम्बोधित करना चाहिये ।" व्याख्या कीजिये ।

"Fiscal policy should address the issues of inequity, intricacy and obscurantism." Explain. 10

5. (e) "कदाचार के निवारण हेतु राजनैतिक एवं प्रशासनिक स्तरों पर नैतिक मूल्यों के संस्थाकरण की आवश्यकता है ।" औचित्य सिद्ध कीजिये ।

"Prevention of misconduct requires institutionalization of ethical values at the political and administrative levels." Justify. 10

6. (a) "प्रशासनिक विचारों को उस पर्यावरण के सन्दर्भ में देखा जाना चाहिये जिसमें वे विकसित होते हैं।" उपर्युक्त कथन के प्रकाश में लोक प्रशासन के तुलनात्मक अध्ययनों पर नव लोक प्रबन्धन तथा सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी के प्रभाव का परीक्षण कीजिये।

"Administrative ideas must be seen in the context of environment in which they develop." In the light of the above statement, examine the influence of New Public Management and Information and Communication Technologies on comparative study of Public Administration. 20

6. (b) सामाजिक-आर्थिक विकास में सकारात्मक प्रयास भेदभाव का पूर्णरूपेण निराकरण नहीं कर पाया है। महिला सशक्तिकरण के सन्दर्भ में इसकी विवेचना कीजिये।

Affirmative action in socio-economic development has not altogether eliminated discrimination. Discuss it in the context of women empowerment. 15

6. (c) क्या राजनैतिक वास्तविकताओं ने प्रमाण आधारित नीति निर्माण की गति को बाधित किया है ? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

Have political realities thwarted the move towards evidence based policy making ? Critically examine. 15

7. (a) "भूमण्डलीकरण राष्ट्रीय नीति निर्माण के सन्दर्भ को प्रभावित कर रहा है। राष्ट्रीय नीति कार्यसूची अन्तर्राष्ट्रीय बनती जा रही है।" व्याख्या कीजिये।

"Globalization is impacting the context of national policy making. The national policy agenda is becoming international." Explain. 20

7. (b) "लोक सेवा प्रदायगी के लिये सहयोग और इसके सजातों को शासन के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है।" टिप्पणी कीजिये।

"Collaboration and its cognates for public service delivery need to be viewed from the governance lenses." Comment. 15

7. (c) "प्रशासनिक सुधार प्रतिरोध के विरुद्ध प्रशासनिक रूपान्तरण का एक कृत्रिम प्रलोभन है।" (गेराल्ड केडन)। इससे निजात पाने के लिये प्रतिरोधों एवं प्रलोभनों की प्रकृति की पहचान कीजिये।

Administrative reform is "an artificial inducement of administrative transformation against resistance." (Gerald Caiden). Identify the nature of resistance and inducements required to overcome it. 15

8. (a) "सूचना प्रौद्योगिकी में विकास की विघटनकारी प्रकृति ने विगत एक दशक में ई-शासन की रूपरेखाओं को परिवर्तित किया है।" विश्लेषण कीजिये।

"Disruptive nature of developments in Information Technology has changed the contours of e-governance in the last one decade." Analyse. 20

8. (b) "निष्पादन प्रबन्धन रूपरेखा, निष्पादन के नियोजन, प्रमापन और अनुश्रवण के बीच देखने की स्पष्टता को सक्षम बनाता है।" आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिये।

"Performance Management Framework enables a clear line of sight between planning, measuring and monitoring performance." Critically analyse. 15

8. (c) "निष्पादन बजटन के उद्देश्यों में खर्च वरीयताकरण, प्रभावशीलता तथा कार्यकुशलता का उन्नयन करना निहित है।" क्या निष्पादन बजटन ने सरकारी व्यवस्था में प्रभावशाली रूप से कार्य किया है ? तर्क दीजिये।

"Objectives of performance budgeting include improving expenditure prioritization, effectiveness and efficiency." Has performance budgeting worked effectively in governmental system ? Argue. 15

---



https://www.evidyarthi.in/